
# 8 उचित हिस्सा

0334CH08



शबनम और मुक्ता अपने दोपहर के भोजनावकाश (लंच ब्रेक) का आनंद उठा रहे हैं।




आपको क्या लगता है कि वे चॉकलेट और पराठे को समान रूप से कैसे बाँटेंगे?




ऐसे तरीके के बारे में सोचिए जिसका उपयोग आप यह पता करने के लिए कर सकते हैं कि दो हिस्से बराबर हैं या नहीं।




## आइए चर्चा करते हैं


1. आप वस्तुओं को बराबर रूप से कैसे बाँटते हैं?
2. शबनम पराठे को क्यों मोड़ रही है?

© NCERT not to be republished

यह पूरा पराठा है।




जो पराठा बराबर बाँटा गया है, उस पर सही ✓ का निशान लगाइए—







## आइए करते हैं

1. उन आकृतियों पर गोला लगाइए जिनका आधा भाग छायांकित है—




2. नीचे दी गई वस्तुओं का आधा भाग दिखाने के लिए एक रेखा खींचिए—




© NCERT not to be republished

3. शबनम ने 3 तरफ से कुछ गुड़पट्टी खाई है। चित्र देखकर बताइए कि कितनी गुड़पट्टी बची है? सही उत्तर पर निशान ✓ लगाइए—


(क) आधे से कम (ख) आधे से अधिक (ग) आधी




4. गुड़पट्टी को दोनों तरफ से खाकर आधा कर दिया गया है, रंग भरकर दिखाइए—



5. आधा बनाने के अलग-अलग तरीके दिखाने के लिए रेखाएँ खींचिए—



6. दूसरा आधा भाग बनाकर चित्र को पूरा कीजिए—




© NCERT not to be republished

## आइए पता लगाएँ

कागज का एक आयताकार टुकड़ा लीजिए और उसे आधा मोड़िए। आधा बनाने के अलग-अलग तरीके खोजिए।

कागज का एक वर्गाकार टुकड़ा लीजिए और उसे आधा मोड़िए। आधा बनाने के लिए अलग-अलग तरीके खोजिए।



## आइए चर्चा करते हैं

एक बूढ़ा व्यक्ति था जिसके दो बेटे अमित और बाला थे। उसने अपने बेटों को एक आम का पेड़, एक लैंप और एक ऊनी कंबल दिया। उसने उनसे ये चीज़ें आपस में बाँटने को कहा।

अमित एक चालाक आदमी था। उसने अपने भाई से कहा— "आओ, हम चीज़ों को बराबर-बराबर बाँट लेते हैं। मैं फल रखूँगा, तुम पेड़ रखना। मैं रात में लैंप रखूँगा, तुम दिन में लैंप रखना। मैं सर्दियों के दौरान आधे साल तक कंबल रखूँगा। तुम इसे गर्मियों के दौरान आधे साल तक रखना।" बाला सहमत हो गया।

क्या यह बाँटने का सही तरीका है? क्या सही तरीके से बाँटने का कोई और रास्ता है?



## आइए करते हैं

यहाँ कुछ आम हैं। इन्हें दोनों बच्चों के बीच बराबर-बराबर बाँटिए।



**शिक्षण संकेत** – विद्यार्थियों को अलग-अलग तरीकों से कागज को मोड़कर आधा हिस्सा दिखाने को कहें। कृपया भिन्न को आधे के रूप में देखें, न कि 2 में से 1 के रूप में।

© NCERT not to be republished

# आधा और दोगुना




3, 6 का आधा है। 6, 3 का दोगुना है।

नीचे दिए गए वाक्यों में आधा या दोगुना लिखकर रिक्त स्थान भरिए—







4 कंचे 8 कंचों के .................... हैं।

8 कंचे 4 कंचों के .................... हैं।

10 कंचे 5 कंचों के .................... हैं।

5 कंचे 10 कंचों के .................... हैं।








6 कंचे 12 कंचों के .................... हैं।

12 कंचे 6 कंचों के .................... हैं।

संख्या रेखा पर 7 के दोगुने से 13 कितनी दूर है?

14 के आधे से 5 कितनी दूर है?






© NCERT not to be republished

## पहचानो, मैं कौन हूँ?

संकेतों का उपयोग करते हुए सही भिन्न ज्ञात कीजिए। दिए गए 3 विकल्पों में से सही ✓ विकल्प पर निशान लगाइए—


1. मेरे पास 3 कंचों के दोगुने से कम कंचे हैं। मेरे पास 8 कंचों के आधे से अधिक कंचे हैं।

(क) 
4 कंचे


(ख) 
5 कंचे

(ग) 
6 कंचे


2. मेरे पास 4 कंचों के दोगुने से कम कंचे हैं। मेरे पास 10 कंचों के आधे से अधिक कंचे हैं।


(क) 
8 कंचे

(ख) 
6 कंचे

(ग) 
3 कंचे






प्रत्येक को गुड़पट्टी का कितना हिस्सा मिला?

एक पूरे हिस्से में कितने एक-चौथाई होंगे?






**शिक्षण संकेत** – विद्यार्थी एक-चौथाई या आधा का आधा भी कह सकते हैं। शिक्षक अभिव्यक्ति के विभिन्न तरीकों को प्रोत्साहित कर सकते हैं और उन्हें सटीक अभिव्यक्ति देने में मदद कर सकते हैं।


© NCERT not to be republished

## आइए करते हैं

1. उन वस्तुओं पर निशान ✓ लगाइए जो एक-चौथाई दिखाती हैं —


2. रेखाएँ खींचकर एक-चौथाई हिस्सा दिखाइए —








3. नीचे दिए गए चित्र का तीन-चौथाई भाग बनाकर चित्र को पूरा कीजिए —

(क) 

(ख) 

4. नीचे दिए गए चित्र को पूरा करने के लिए बाकी हिस्सा बनाइए —

(क) 

(ख) 



**शिक्षण संकेत** – चर्चा करें कि कैसे एक पूरे हिस्से को चार बराबर भागों में बाँटने से एक-चौथाई आकार के टुकड़े बन जाते हैं। विद्यार्थियों को अलग-अलग तरीकों से कागज मोड़कर एक-चौथाई हिस्सा दिखाने को कहें। उन्हें यह विश्वास दिलाने दें कि उन्होंने जो मोड़ा है, वह वास्तव में कागज का एक-चौथाई हिस्सा है। भिन्न को एक-चौथाई के रूप में देखें, न कि 4 में से 1 के रूप में।

© NCERT not to be republished

## आधा या एक-चौथाई?

1. नीचे दिए गए चित्र को देखिए और उपयुक्त शब्द पर सही ✓ का निशान लगाकर वाक्यों को पूरा कीजिए—




- शबनम ने आधे/एक-चौथाई पक्षियों को रंग दिया है।
- मुक्ता ने आधे/एक-चौथाई पक्षियों को रंग दिया है।
- शबनम ने मुक्ता की तुलना में आधे/दोगुने पक्षियों को रंगा है।

2. लक्षण्या और पीहू प्रत्येक के पास 16 फूल हैं। चित्र देखिए और उपयुक्त शब्द पर सही का निशान ✓ लगाकर वाक्यों को पूरा कीजिए—




- लक्षण्या ने अपने आधे/एक-चौथाई फूल बाँधे।
- पीहू ने अपने आधे/एक-चौथाई फूल बाँधे।
- पीहू ने जितने फूल बाँधे, उससे आधे/दोगुने फूल लक्षण्या ने बाँधे।


## चौथाई और पूरा




1 चौथाई



2 चौथाई (आधा)



3 चौथाई




4 चौथाई (पूरा)


© NCERT not to be republished

## आइए करते हैं


1. नीचे दी गई उन आकृतियों पर निशान ✓ लगाइए जो तीन-चौथाई दिखाती हैं —




2. निर्देशानुसार भिन्नों को दर्शाने के लिए नीचे दी गई आकृतियों में रंग भरिए —




2 चौथाई




1 चौथाई



3 चौथाई



4 चौथाई




3 चौथाई




1 चौथाई

© NCERT not to be republished


3. निर्देशानुसार भिन्नों को दिखाने के लिए रेखाएँ बनाइए और नीचे दी गई आकृतियों में रंग भरिए —




4. यहाँ एक आयत है जो एक-चौथाई दर्शाता है। कैसे, चर्चा कीजिए —



5. नीचे दिए गए ग्रिडों में एक-चौथाई और आधे हिस्सों को अलग-अलग तरीकों से दिखाइए —



6. पूर्णांक बनाने के लिए अपनी पुस्तक से भिन्न पहेली के टुकड़ों का उपयोग कीजिए।



**शिक्षण संकेत** – बच्चों को पहेली बनाने के लिए पुस्तक के अंत में दिए गए पत्रकों से आकृतियों का उपयोग करने दें। सामान्य प्रश्न पूछें, जैसे– आपने एक पूरा टुकड़ा बनाने के लिए कितने टुकड़ों का उपयोग किया? यह देखने के लिए कि वे बिल्कुल एक जैसे हैं, टुकड़ों को एक-दूसरे के ऊपर रखकर देखें।

© NCERT not to be republished